अध्याय - 8 | प्रवर्द्धन (Propagation)

QUIZ-01

1. बीज द्वारा प्रवर्धन की प्रमुख विशेषता क्या है?

A. यह पौधे को रोगमुक्त रखता है
B. यह सरल विधि है
C. यह महँगी विधि है
D. यह हमेशा सफल नहीं होती (B)

व्याख्या : बीज द्वारा प्रवर्धन एक सरल एवं पारंपरिक विधि है, जिससे नए पौधे आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं।

2. बीज द्वारा प्रवर्धन में कौन-सी हानि होती है?

A. पौधे जल्दी फल देते हैं
B. पौधे में मातृ पौध के समान गुण नहीं होते
C. यह सस्ता होता है
D. यह ज्यादा उपज देता है (B)

व्याख्या : बीज द्वारा उत्पन्न पौधे True to type नहीं होते, इसलिए उनमें मातृ पौध जैसे गुण नहीं होते।

3. किस प्रवर्धन विधि में पौधों में समान गुणों वाले पौधे प्राप्त होते हैं?

A. बीज प्रवर्धन
B. वानस्पतिक प्रवर्धन
C. ऊतक संवर्धन
D. कलिका निष्कासन (B)

व्याख्या : वानस्पतिक प्रवर्धन में पौधे True to type होते हैं, अर्थात मातृ पौध के समान गुणों वाले होते हैं।

4. हर्बेसियस कटिंग किसमें प्रयोग होती है?

A. नीबू
B. गुलाब
C. गुड़हल
D. नारंगी (C)

व्याख्या : हर्बेसियस कटिंग मुलायम, कोमल शाखाओं से तैयार की जाती है और यह गुड़हल जैसे पौधों में उपयुक्त होती है।

5. कौन-सी विधि में पत्ती से पौधा तैयार किया जाता है?

A. हार्डवुड कटिंग
B. स्टेम कटिंग
C. लीफ कटिंग
D. सॉफ्टवुड ग्राफ्टिंग (C)

व्याख्या : लीफ कटिंग में पत्ती या उसके भाग से पौधे उत्पन्न किए जाते हैं जैसे—बायफिनस।

6. वानस्पतिक प्रवर्धन की एक प्रमुख विशेषता क्या है?

A. बीज के माध्यम से होता है
B. फूलों का उत्पादन कम होता है
C. पौधे जल्दी फल देने लगते हैं
D. पौधे कमजोर होते हैं (C)

व्याख्या : वानस्पतिक प्रवर्धन से प्राप्त पौधे प्रिकोकियस (Precocious) होते हैं, जिससे वे जल्दी फल देते हैं।

7. कलम प्रवर्धन किस प्रकार की प्रवर्धन विधि है?

A. जनन प्रवर्धन
B. बीज प्रवर्धन
C. वानस्पतिक प्रवर्धन
D. कृत्रिम प्रवर्धन (C)

व्याख्या : कलम प्रवर्धन (Cutting) वानस्पतिक प्रवर्धन का एक प्रमुख प्रकार है।

8. वानस्पतिक प्रवर्धन में हाई डेंसिटी प्लांटेशन हेतु कौन-सी विधि उपयुक्त है?

A. बीज द्वारा प्रवर्धन
B. ऊतक संवर्धन
C. ग्राफ्टिंग
D. कटिंग (B)

व्याख्या : ऊतक संवर्धन (Tissue Culture) से एक समान एवं रोगमुक्त पौधे बड़ी मात्रा में तैयार किए जा सकते हैं, जो उच्च घनत्व बागवानी (High density planting) में उपयुक्त होते हैं।

9. ग्राफ्टिंग में किसे मूलधार (Rootstock) कहा जाता है?

A. जिसे काटकर जोड़ा जाता है
B. जिस पर कलम लगाई जाती है
C. जिस शाखा से बीज लिए जाते हैं
D. कोई नहीं (B)

व्याख्या : ग्राफ्टिंग में जिस पौधे पर दूसरे पौधे की शाखा जोड़ी जाती है उसे मूलधार (Rootstock) कहा जाता है।

10. 'इनार्चिंग' किस विधि का उदाहरण है?

A. लेयरिंग
B. कटिंग
C. ग्राफ्टिंग
D. बडिंग (C)

व्याख्या : इनार्चिंग एक ग्राफ्टिंग विधि है जिसमें जड़ सहित पौधे की शाखा को दूसरे पौधे से जोड़ा जाता है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES